मैनिट भोपाल समाचार कतरन

MANIT Bhopal News Clippings

An Initiative By

Central Library

Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal

Link Road No 3, Near Kali Mata Mandir

Bhopal, Madhya Pradesh – 462003

/CLMANITB

पत्रिका

Page- 4

मैनिट में पूरक परीक्षा के लिए आवेदन आज

भोपाल. मैनिट में ऑड और ईवन सेमेस्टर के सप्लीमेंट्री परीक्षाओं के आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी। इसकी आखिरी तारीख 10 अक्टूबर है। लेट फीस के साथ आवेदन 11 से 15 अक्टूबर तक किए जा सकेंगे। यूजी में वर्ष 2021-22 तक दाखिला लेने वाले विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे, जबकि पीजी में वर्ष 2022-23 तक दाखिला लेने वाले विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

पत्रिका

Patrika Plus- Page 12

मैनिट में शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम 10 अक्टूबर से

भोपाल. मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 10 से 14 अक्टूबर तक शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में हुए नवीनतम विकास और तकनीकी प्रगति पर चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को आधुनिक निर्माण तकनीक, सतत विकास, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में आईआईटी, एनआईटी सहित देश-विदेश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों से जुड़े विषय विशेषज्ञ महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे। इससे प्रतिभागियों को वैश्विक स्तर की समझ विकसित करने का अवसर मिलेगा।